## महत्वपूर्ण एवं खास

### कबाड़ चोरी के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले की कटघोरा पुलिस ने अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कबाड़ चोरी करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एसईसीएल बगदेवा परियोजना में बीएसएनएल टॉवर व अन्य कीमती सामान पर कबाडिय़ो ने हाँथ साफ किया था। पुलिस ने आरोपियों से लगभग 10 क्विंटल कबाड़ जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में कटघोरा थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हाथ लगी है।प्रार्थी शांति नगर बाकीमोंगरा निवासी दिलीप कुमार सूर्यवंशी (49 वर्ष) ने थाना कटघोरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एसईसीएल बगदेवा परियोजना में स्थापित बीएसएनएल टावर और वर्कशॉप से कीमती सामान चोरी हो गया है। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर त्वरित जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपी विकास टंडन, रामसाय, और विजय मंझवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें बीएसएनएल टावर में लगे लोहे के एंगल, वर्कशॉप से चोरी किए गए रॉड, प्लेट, नट-बोल्ट सहित अन्य लोहे का सामान शामिल है। साथ ही आरोपियों के पास से एक छोटा हाथी वाहन (क्रमांक सीजी 12 बीके 6806) भी जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### दुर्घटनाग्रस्त कार से पुलिस को मिला 1 क्विंटल 83 किलो गांजा

**जशपुर (आरएनएस)।** जिले के कुहापानी के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई एक अर्टिगा कार से पुलिस को 1 क्विंटल 83 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला है। हादसे में घायल वाहन सवार गांजा तस्कर राशिद अहमद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में भर्ती कराया गया है। आरोपी ओड़िशा से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जा रहा था। मिली जानकरी के अनुसार घटना गुरुवार दिनांक 24.04.25 की रात की है। थाना बगीचा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम कुहापानी, थाना बगीचा के पास मेन रोड में एक मारुति अर्टिगा गाड़ी क्रमांक सीजी 12बी क्यू 1606 दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमे भारी मात्रा में गांजा भरा हुआ है। बगीचा पुलिस के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, यथाशीघ्र मुखबिर के बताए गए घटना स्थल जाकर सूचना की तस्दीक करने पर पाया कि ग्राम कुहापानी के पास मेन रोड में संदेही दुर्घटनाग्रस्त अर्टिगा गाड़ी खड़ी है, जिसमे कि पीली रंग की टेप से लिपटा हुआ, गांजा से भरा कुल 183 नग पैकेट पड़ा हुआ था तथा वाहन चालक गाड़ी में नहीं था। उक्त नंबर प्लेट के आधार पर वाहन मालिक का एक बराती गाड़ी में होना पता चलने पर , पुलिस के द्वारा गाड़ी को रुकवाकर वाहन मालिक को खोज पूछताछ किया गया, तब वाहन मालिक के द्वारा तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी को अपना मानने से लगातार इंकार किया जाता रहा ,उसने बताया कि सीजी 12बी क्यू 1606 वाहन क्रमांक की उसकी मारुति अर्टिगा गाड़ी उसके घर कोरबा में खड़ी है, जिसके सम्बन्ध में पुलिस ने मोबाइल के द्वारा वीडियो कॉल से तस्दीक करने पर पाया कि उक्त नंबर की गाड़ी कोरबा में, वाहन मालिक के घर में ही खड़ी है। पुलिस के द्वारा वाहन चालक आरोपी तस्कर रशीद अहमद निवासी राउरकेला (उड़ीसा) के विरुद्ध थाना बगीचा में 20बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से एक - एक किलो वजनी के कुल 183 पैकेट में भूरे रंग की टेप से लिपटा हुआ, कुल 1 क्विंटल 83 किलो, अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद कर जब्त कर लिया गया है,साथ ही तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा कार, व नंबर प्लेट क्रमांक ओडी 16 एल 9339 को भी जब्त कर लिया गया है। जब्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 80लाख रुपए से अधिक है। पुलिस के द्वारा आरोपी तस्कर रशीद अहमद के घायल होने के कारण शासकीय अस्पताल बगीचा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है, पुलिस की अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# आसमान पर एयरफोर्स के हेलीकाप्टरों की दहाड़ और धरती पर बम, गोलियों के धमाके, नक्सली थर थर कांपे

- बीजापुर तेलंगाना बॉर्डर में पांचवे दिन भी जारी रही नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई
- बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने की संभावना

जगदलपुर | आरएनएस

जगदलपुर में लगता है सुरक्षा बलों ने बस्तर संभाग से नक्सलियों के खात्मे की जिद पाल ली है। तभी तो आसमान पर वायुसेना के हेलीकाप्टर दहाड़ रहे हैं और धरती पर बम, गोलों और गोलियों के धमाके गूंज रहे हैं जंगल के परिंदे बेचैन होकर बदहवासी के आलम में इधर उधर उड़ रहे हैं। यह दृश्य है बस्तर संभाग के बीजापुर जिले और पड़ोसी राज्य तेलंगाना के बॉर्डर का। नक्सलियों की मौजूदगी वाली दो तीन पहाडिय़ों को छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश की फोर्स ने चारों ओर से घेर लिया है। नक्सलियों के बचकर निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है।



इलाके में बीते पांच दिनों से नक्सलियों और उनके ठिकानों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। वायुसेना के 4- 5 हेलीकाप्टर लगातार आसमान में उड़ान भर रहे हैं। इन हेलीकाप्टरों से नक्सलियों पर बम गोले गिराए जा रहे हैं और अत्याधुनिक हथियारों से गोलियों की बौछार भी की जा रही है। हेलीकाप्टरों की दहाड़ से आसमान कांप रहा है और बमों के धमाकों तथा गोलियों की तड़तड़ाहट से धरती डोलती सी प्रतीत हो रही है। जंगल के परिंदे बेचैनी और बदहवासीके आलम में जहां तहां उड़ते नजर आ रहे हैं। केंद्रीय और राज्यों के सुरक्षा बलों का यह जॉइंट ऑपरेशन बीते पांच दिनों से लगातार जारी है। आज पांचवे दिन आज सुबह 7 बजे से अब तक वायुसेना के चार हेलीकॉप्टर सीमावर्ती इलाके के आसमान में उड़ते देखे गए। ये हेलीकाप्टर इस अंतिम लड़ाई में जमीन पर मोर्चा सम्हाल कर नक्सलियों पर प्रहार कर रहे जवानों के लिए रसद और गोला बारूद एवं हथियार भी पहुंचा रहे हैं।आसमान में लगातार हेलीकॉप्टरों की गूंजती दहाड़ बता रही है कि फोर्स की बड़ी कामयाबी की खबर जल्द ही आने वाली है। कल रात 10 बजे तक भी भारी फायरिंग और बम धमाकों की आवाज गूंजती रही। ग्रामीणों के मुताबिक फोर्स ने किसी भी प्रकार की जानकारी या वीडियो साझा न करने के लिए कह रखा है। ऑपरेशन संवेदनशील मोड़ पर आ चुका है और इस बड़ी कार्रवाई में दर्जनों नक्सलियों के मारे जाने, पचासों के घायल होने और नक्सली ठिकानों व भंडारों के तबाह होने की पूरी संभावना है। सूत्र बताते हैं कि जिस जगह पर यह ऑपरेशन चलाया जा रहा है, वहां डेढ़ से दो हजार नक्सली मौजूद हैं और उनमें हिड़मा और देवा जैसे दर्जनों टॉप नक्सली लीडर भी शामिल हैं। कल खबर आई थी कि हिड़मा और देवा बचकर भाग निकलने में सफल हो गए हैं, मगर यह खबर महज कयास ही निकली। सूत्रों के मुताबिक ये दोनों बड़े नक्सली नेता अभी भी वहीं पर मौजूद हैं और या तो वे मारे जा चुके हैं, या फिर घायल हो गए हैं। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है। अंचल के ग्रामीणों को ऑपरेशन वाली जगह की ओर न जाने के लिए कहा गया है।

**आईईडी ब्लास्ट में जवान घायल-** इधर बीजापुर जिले में जारी ऑपरेशन में सपोर्टिंग के लिए जा रही फोर्स की टुकड़ी में शामिल डीआरजी का एक जवान आईईडी ब्लास्ट में घायल हो गया है। यह टुकड़ी गलगम से कर्रेगुट्टा पहाड़ी की तरफ़ जा रही थी। इसी दौरान जवान आईईडी की जद में आ गया। आईईडी ब्लास्ट से जवान के पैरों में चोट आई है। घायल जवान का गलगम स्थित सीआरपीएफ कैंप में इलाज चल रहा है। खबर है कि घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से बीजापुर लाने की तैयारी चल रही है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना : श्रद्धालु करेंगे पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क दर्शन

- विधायकों ने दिखाई भारत गौरव टुरिस्ट ट्रेन को हरी झण्डी

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। ट्रेन को बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रियों को भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा की बरसो पुरानी अभिलाषा पूरी होने पर बुजुर्गो के आंखों की चमक देखते बन रही थी। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार मौजूद थे।

विधायक धरमलाल कौशिक और सुशांत शुक्ला ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे बुजुर्गो से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने तीर्थ यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल तीर्थ यात्रा ही नहीं बल्कि नागरिकों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोडऩा भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन जैसी कल्याणकारी योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों के बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं वे श्रवण कुमार की भूमिका निभाते हुए लोगों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। यह योजना शुरू कर सरकार ने अपना एक और वादा निभाया है।

**बुजुर्गो की आंखों में बरसो से पल रही तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरी-** पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए जा रहे बुजुर्गो की आज बरसो पुरानी तीर्थ यात्रा की अभिलाषा पूरी हुई है। तीर्थ यात्रा को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। सभी समय से पहले ही स्टेशन पहुंच चुके थे। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। 65 वर्षीय अम्बे सिंह बिलासपुर से यात्रा पर निकली। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू कर मुख्यमंत्री ने हम सब बुजुर्गो की सुध ली है।

## सड़क में बाधा उत्पन्न करने वाले पायल बस संचालक पर की गई कार्यवाही

दुर्ग | आरएनएस

यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा अपनी बस को सडक़ पर खड़ी साफ-सफाई कर सडक़ में बाधा उत्पन्न करने वाले बस संचालक पर कार्यवाही करते हुए सडक़ पर खड़ी 6 बसों पर नो पार्किंग धारा के तहत की ऑनलाइन चालानी कार्यवाही की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग विजय अग्रवाल द्वारा सडक़ में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने दिए गए निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात ) ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात सदानंद विन्दयराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा विगत दिनों पूर्व दुर्ग जिले के प्रमुख बस संचालकों की मीटिंग लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए थे जिसमें सडक़ पर वाहन खड़ा ना करने, सर्विस रोड पर वाहन ना चलाने , ड्राइवर एवं कंडक्टर द्वारा किसी प्रकार की नशीली पदार्थ का सेवन ना करने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठने एवं अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए थे। साथ यातायात दुर्ग जोन प्रभारी निरीक्षक पी डी चंद्रा द्वारा सडक़ में वहां खड़ी करने वालों को नोटिस जारी किया गया था।

## जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार | आरएनएस

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम लटुवा में अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि दिनांक 25.04.2025 को प्रार्थी संतराम कन्नौजे उम्र 77 वर्ष निवासी ग्राम लटुवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 25.04.2025 को एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने तालाब गया हुआ था। इस बीच आरोपी खूबचंद कन्नौजे द्वारा प्रार्थी के पास आकर समाज में मुखिया होकर भी कन्नौजे समाज में मेरी शादी नहीं करा रहे हो, इस प्रकार की बातें बोलकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देने लगा तथा प्रार्थी की गर्दन को पकड़ कर प्रार्थी को तालाब के अंदर गहरे पानी में ले गया तथा सिर गाल पकडक़र प्रार्थी को डूबाने की कोशिश करने लगा। यह स्थिति देखकर तालाब के तट पर खड़े लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया तथा प्रार्थी को बाहर निकाला गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 396/2025 धारा 109,296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी खूबचंद कन्नौजे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से, अश्लील गाली गलौज करते हुए प्रार्थी को तालाब में डूबाकर मारने की कोशिश करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 26.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## चिकन सेंटर कर्मचारी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

राजधानी रायपुर के खम्हारडीह क्षेत्र में एक चिकन सेंटर के कर्मचारी की हत्या करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीड निवासी सुनील चौहान 20 अप्रेल को मोहल्ले के ही एक चिकन की दुकान में मुर्गा लेने गया था। जहां कर्मचारी नरेश कुमार धीवर ने उसे मुर्गा तौलकर दिया और उसके बाद पैसे की मांग की तो सुनील चौहान पैसा दे दिया हूं कहकर बहस करने लगा और बहस करते हुए चार्जर पर लगे मोबाईल को अपने पास रख लिया। जिसे नरेश कुमार धीवर ने वापस मांगा गया तो सुनील ने नरेश धीवर के साथ गाली गलौज करते हुए थप्पड़ मारा और धक्का देकर गिरा दिया। इससे दुकान के बाहर सीढ़ी में जोर से पटक दिया, जिससे नरेश कुमार धीवर सिर के बल गिरने से उसके सिर में गम्भीर चोट आई और खून बहने लगा। आसपास के लोगों ने तत्काल उसे उपचार हेतु माँ शारदा नर्सिंग होम तेलीबांधा पहुंचाया जहां, नरेश कुमार को कोमा में चले जाना बताये जाने पर उसे आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, और वहाँ से डीकेएस अस्पताल रायपुर रिफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी होने से प्राथी के द्वारा आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कराये जाने पर धारा 296,115 (2) 351 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्राथी एवं गवाह के बयान में नरेश कुमार धीवर को आरोपी सुनील चौहान द्वारा जान से मारने की नियत से सिर के बल सीढ़ी के नीचे पटकने से नरेश कुमार धीवर को सिर में आए गम्भीर चोट के कारण कोमा में होना बताया जाने पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 109 बीएनएस जोड़ी गई। प्रकरण के आहत के गम्भीर अवस्था में डीकेएस सुपर स्पेशलिटी रायपुर में उपचार के दौरान 22 अप्रेल को मृत होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना में नम्बरी मर्ग क्र. 23/25 कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एवं प्रकरण में धारा 103 (1) बीएनएस जोडी गई। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी सुनील चौहान पिता बलिराम चौहान उम्र 28 वर्ष निवासी पार्वती नगर कचना फ ाटक के पास थाना खम्हारडीह को आज अरेस्ट कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## एयर फोर्स के अफसरों ने बस्तर में अग्निवीर वायुसेना भर्ती प्रक्रिया की दी जानकारी, युवाओं में जोश

जगदलपुर | आरएनएस

भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत बस्तर जिले में अग्निवीर वायु सेना भर्ती को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में 21 से 25 अप्रैल तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में एयर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों सुशांत सिंह और आनंद कुमार ने विभिन्न उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया से लेकर सैन्य जीवन के अनुभवों तक की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस अभियान की शुरुआत 21 अप्रैल को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जगदलपुर से हुई, जिसके बाद 22 अप्रैल को सेजेस लोहांडीगुडा , 23 अप्रैल को सेजेस बकावंड, 24 अप्रैल को सेजेस बस्तर, और 25 अप्रैल को सेजेस तोकापाल में कैंप आयोजित किए गए। प्रत्येक स्थान पर 100 से 200 विद्यार्थियों के समूहों को प्रशिक्षित किया गया।

**भर्ती प्रक्रिया की विशेष जानकारी**

एयर फोर्स अधिकारियों ने युवाओं को अग्निवीर वायु बनने की पात्रता, चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण, वेतन-भत्ते, करियर ग्रोथ और अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के नेतृत्व में और रोजगार अधिकारी के सहयोग से जिले के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस अभियान में नोडल अधिकारी के रूप में जयनारायण पानीग्राही सक्रिय रहे।

कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और एयर फोर्स अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपने सवालों के उत्तर प्राप्त किए। इस पहल से विद्यार्थियों में न केवल देश सेवा की भावना जागृत हुई, बल्कि उन्हें एक उज्ज्वल करियर की दिशा भी दिखाई दी। बस्तर जैसे सुदूरवर्ती आदिवासी अंचल में चलाए गए इस जागरूकता अभियान ने साबित किया कि जिला प्रशासन की यह पहल युवाओं को रक्षा क्षेत्र में करियर के नए आयाम प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। गत दिवस समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ने बस्तर प्रतीक चिन्ह से एयर फोर्स अधिकारियों को सम्मानित किया एवं भविष्य में भी इस तरह के कार्य क्रम आयोजित करने का आग्रह किया, साथ ही प्राचार्य विधु शेखर झा ने आभार प्रदर्शन किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छतीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवका, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## अगले कुछ दिन बदली और आंधी चलने की संभावना

- वातावरण में आद्रता बढ़ने से गर्मी से राहत मिलने के आसार

रायपुर | आरएनएस

प्रदेश के उत्तर और मध्य इलाके में गर्मी का प्रकोप जारी है। राजधानी रायपुर प्रदेश में सबसे गर्म चल रहा है, शुक्रवार को पारा 43.8 डिग्री तक पहुंच गया। आने वाली हवा की दिशा में बदलाव और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के असर से अगले कुछ दिन थोड़ी राहत वाला हो सकता है। नमी के असर से दोपहर बाद अंधड़, बादल, बारिश जैसी गतिविधि बनने के आसार हैं। रायपुर



समेत प्रदेश के कई इलाकों में लू जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, अप्रैल के दूसरे और तीसरे सप्ताह में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाए हैं। खासकर राजधानी रायपुर में धरती जमकर तपी है, जिससे यहां ग्रीष्मलहर की स्थिति बनी हुई है। रायपुर के साथ दुर्ग और बिलासपुर संभाग भी भारी गर्मी की चपेट में है और पेंड्रा जैसे ठंडे इलाके में लू की गर्म हवा चल रही है। शुक्रवार को भी हालात कुछ ऐसे ही बने रहे और राजधानी की गर्मी ने प्रदेश के अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। यहां सुबह से चिलचिलाती धूप ने दोपहर होने के बाद लू का रूप ले लिया। शाम चार बजे बाद झुलसाने वाली गर्मी मौजूद रही, मगर छाए बादलों की वजह से धूप से थोड़ी राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अब हवा के साथ आने वाली नमी की वजह से मौसम में थोड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है। वातावरण में आद्र्रता बढऩे से दोपहर बाद सप्ताह के अंत तक अलग-अलग स्थानों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने, बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की स्थिति में बनी रहेगी। इस बदलाव से अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### रात में भी गर्मी से राहत नहीं :

दिन में झुलसाती गर्मी असर दिखा रही और रात में भी तप चुकी धरती राहत नहीं लेने दे रही है। घरों में एसी-कूलर के बिना रहना संभव नहीं है और पंखे तो काफी समय पहले ही साथ छोड़ चुके हैं। मई के महीने में भी गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। इसके बाद जून के दूसरे पखवाड़े से तेज के साथ उमसभरी गर्मी का दौर भी शुरू होने की संभावना है।

### रायपुर का पारा 14 दिन से 40 के पार :

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल के महीने में रायपुर का पारा 14 दिन 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। पांच दिन तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया और 6 दिन 37-38 डिग्री की समान्य गर्मी के साथ बीता। गर्मी के दौरान तीन से चार दिन ही ऐसा रहा, जब दूसरे शहरों ने रायपुर को पीछे छोड़ा। बाकी दिन गर्मी के मामले में रायपुर का दबदबा बना रहा।